नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

मो. 7897475917, 9794299451

Website : www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

स्थापित 2005 ई.

पत्रांक.............................. . दिनांक : 01.08.2022

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में **'आजादी के अमृत महोत्सव'** के अन्तर्गत गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित **01 अगस्त, 2022 से 07 अगस्त, 2022** तक **'विश्व स्तनपान सप्ताह समारोह'** का आयोजन किया जा रहा है। साप्ताहिक कार्यक्रम के पहले दिन **'स्टेप अप फॉर ब्रेस्ट फीडिंग'** विषय पर छात्राओं द्वारा स्तनपान के महत्व पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। जिसमें गृह विज्ञान विभाग की **22** छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस कार्यक्रम में गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी **श्रीमती शिप्रा सिंह** ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अनेक रोगों से बचाने में स्तनपान की महत्वपूर्ण भूमिका है। जो बच्चों को शारीरिक वृद्धि, विकास और संतुलित पोषण प्रदान करता है। साथ ही माँ और बच्चे के बीच बेहतर सम्बन्ध स्थापित करता है।

कार्यक्रम में गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री शारदा रानी, सुश्री स्मिता दुबे तथा प्रयोगशाला सहायिका श्रीमती नीतू सहानी एवं गृह विज्ञान विभाग की सभी छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सांत्वना श्रीवास्तव तथा संचालन सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने किया।

डॉ. सुधा शुक्ला
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी